तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 1 नवंबर 2025

13 सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर ...



14 अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा ...





## खबर संक्षेप

### पिकअप की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** ग्राम पतेरापाली में पिकअप की टक्कर से एक्सीडेंट के मामले में बागबाहरा थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी तरूण कुमार तांडी ग्राम पतेरापाली ने बताया कि 30 अक्टूबर को वह अपने घर के सामने खडा था, तभी उसकी भाभी पार्वती तांडे, भतीजा जतिन तांडे को लेकर दुकान जाने के लिए घर से निकलकर एन एच 353 रोड के पास पहुंची थी। तभी खरियार रोड ओडिशा की ओर से आ रही पिकअप ओडी 08 एए 2717 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते आकर सामने जा रही डिजायर कार को कट मारकर चलाते हुए वाहन के पिछले हिस्से से दुकान जा रहे जतिन तांडे को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। घटना के बाद प्रार्थी, लिलेश ठाकुर एवं भूपेंद्र यादव पिकअप को रोके एवं वाहन चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम जोगेंदर शराफ पिता तीर्था शराफ ग्राम बिरहीपाली थाना बंगोमुंडा जिला बलांगीर ओडिशा का रहने वाला बताया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 मो. व्ही.एक्ट, 125(ए), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### क्रूरतापूर्वक मवेशियों का परिवहन, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** क्रूरतापूर्वक मवेशियों का परिवहन करने वाले लोगों पर सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को शास्त्री चौक के रामेश्वर साहू ने बताया कि 30 अक्टूबर की शाम करीबन 06 बजे वह अपने दोस्त हिरेंद्र सोनी व लोकेश चंद्राकर के साथ घूमने के लिये निकला था, तभी तुमगांव रोड से बागबाहरा रोड की ओर से एक अशोक लिलेंड दोस्त वाहन क्रमांक सीजी 04 पीएक्स 2386 का गुजर रहा था, जिससे गौवंशों की आवाज आ रहा था, जब उसने गाड़ी को खैरा चौक के आगे संजय गार्डन के पास में रुकवाकर देखा तो उसके अंदर 03 गाय, 04 नग बछड़ा को क्रूरतापूर्वक बांधकर रखा था। उक्त गाड़ी चालक अपना नाम प्रकाश सिंह ठाकुर ग्राम नवाडीह थाना कोमाखान तथा ड्राइवर के सीट के बाजू में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम दिपेश यादव ग्राम नवाडीह थाना कोमाखान तथा अन्य व्यक्ति ने अपना नाम गिरधारी बाघ ग्राम बकमा थाना कोमाखान व रूपचंद कोसरिया ग्राम सिमगांव थाना कोमाखान बताया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 10 एलसीजी, 4 एलसीजी, 6 एससीजी के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# बेमौसम बारिश से फसलें बर्बाद और लोगों की सेहत पर भी गहरा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में बारिश ने एक बार फिर किसानों की कमर तोड़ दी है, जबकि तापमान में आई भारी गिरावट ने आम जनजीवन और स्वास्थ्य पर भी गहरा असर डालना शुरू कर दिया है। चक्रवाती तूफ़ान मोंथा के कारण हुई अचानक और बेमौसम बारिश ने किसानों पर दोहरी मार की है। यह बारिश ठीक उस समय हुई जब किसान अपनी प्रमुख खरीफ फसल धान की कटाई कर चुके हैं या उसकी तैयारी में हैं, जिससे उनकी साल भर की मेहनत पर पानी फिर गया है। खेतों में पानी भरने से कटी हुई और खड़ी, दोनों तरह की फसलों के सड़ने की संभावना हैं, जिससे उत्पादन में भारी गिरावट की आशंका है। धान के साथ-साथ दलहन और तिलहन की फसलों को भी नुकसान पहुंच सकता है। इस मौसम बदलाव ने आम जनजीवन को भी अस्त-व्यस्त कर दिया है। तापमान में आई अचानक गिरावट से सर्दी, खांसी, जुकाम और श्वसन संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

**चक्रवाती तूफ़ान मोंथा के कारण हुई अचानक और बेमौसम बारिश ने बढ़ाई समस्या**



### तापमान में गिरावट का सेहत पर असर, अस्थमा व श्वसन संबंधी रोगी परेशान

बेमौसम बारिश के साथ-साथ जिले के तापमान में अचानक गिरावट दर्ज की गई है। इस बदलाव ने लोगों के स्वास्थ्य को भी प्रभावित करना शुरू कर दिया है। मौसम में अचानक आए इस बदलाव से लोग सर्दी, खांसी, जुकाम और बुखार जैसी मौसमी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों में इन बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। नमी और ठंडे मौसम के कारण अस्थमा और श्वसन संबंधी अन्य समस्याओं से पीड़ित लोगों की मुश्किलें भी बढ़ी हैं।

### किसानों की मेहनत पर पानी फिरा, फसलों को भारी नुकसान

बेमौसम बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। खेतों में खड़ी धान की फसलें पानी में डूबने की संभावना हैं। पकी हुई फसलें लगातार पानी में रहने से सड़ सकती हैं, जिससे उत्पादन में भारी गिरावट की आशंका है। कई किसान जिन्होंने अर्ली वैरायटी के धान की फसल की कटाई कर ली और फसल को खलिहान या खेतों में ही रखा है, उनकी कटी हुई उपज भीगकर खराब होने की आंशका है।

## कार्रवाई : चोरी के संदेह में पकड़ा और परिजनों से छोड़ने के लिए मांगे थे 25 हजार

# पतेरापाली हत्या मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

चोरी के संदेह में जिस अधेड़ को पीट-पीटकर ग्रामीणों ने मार डाला उसकी गरीब मां से उसे छोड़ने के लिए 25 हजार रुपए मांगे गए थे। मुख्यालय के समीप के गांव पतेरापाली में रविवार को मिले मृतक की मारपीट के बाद मौत होने की पुष्टि होने पर गांव के ही 4 लोगों के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार 26 अक्टूबर को ग्राम पतेरापाली में अज्ञात मृतक पुरुष का शव गौठान के पास मिलने की सूचना के बाद शव एवं घटनास्थल का निरीक्षण सीन ऑफ क्राइम यूनिट के वैज्ञानिक अधिकारी से भी कराया गया। इस दौरान मृतक के दोनों हाथ के कलाई के ऊपर काला निशान एवं माथे में बांयी ओर छिलने का निशान एवं बांये भौं के पास छिलने का निशान पाया गया। मृतक की पहचान ग्राम मोहबा निवासी कौशल कुमार पिता लच्छू राम सहिस (52 वर्ष) के रूप मे हुई। पत्नी सुकांति, पुत्र अनिल कुमार, सुनील कुमार, भाई संजय कुमार, अजय कुमार एवं माता कचरीबाई ने मृतक की शिनाख्त की।

पूछताछ के दौरान परिजनों ने बताया कि मृतक को ग्राम पतेरापाली के ग्रामीणों ने चोरी के संदेह पर पकड़ा था। इस संबंध में ग्राम पतेरापाली के हेमंत चंद्राकर एवं अंकित चंद्राकर ने 25 तारीख की रात 9-10 बजे के बीच मोहबा के सुभाष चंद्राकर एवं ग्राम बाघामुड़ा के मोनू चंद्राकर को मोबाईल पर फोन कर इन दोनों के माध्यम से मृतक की माता कचरी बाई से बात कर हेमंत एवं अंकित ने



मृतक की मां को मृतक द्वारा चोरी करते पकड़े जाने की बात बताई और उसे छोड़ने 25 हजार रुपए की मांग की। पैसा देने में असमर्थता जताते हुए कचरी बाई ने मना कर दिया।

मृतक के परिजनों से प्राप्त जानकारी के आधार पर ग्राम पतेरापाली के ग्रामीण बलदाऊ धुव, बसंत नेताम, राजू यादव, रोशन चंद्राकर, मन्नू लाल नेताम, परस यादव से पृथक-पृथक पूछताछ की गई। जिन्होंने अपने-अपने कथन में बताया कि मृतक कौशल सहिस 25 अक्टूबर को ग्राम पतेरापाली मंगलूमुडा बांध के पास केबल तार जला रहा था। जिसे अंकित, मनीष, लोकेश व हेमंत चंद्राकर ने पकड़ा और मृतक कौशल के हाथ को गमछा से बांध कर बांध के पास से पैदल हाथ बंधे हुए अवस्था में महावीर चौक पतेरापाली के पास लाया और उससे पूछताछ कर रहे थे, इसी दौरान मृतक से उक्त चारों व्यक्तियों द्वारा उसके हाथ बंधे हुए अवस्था में मारपीट किया गया और दिन में करीब 12 बजे उसे मारपीट कर छोड़ दिया गया। हाथ खुलने के बाद मृतक गौठान की ओर लड़खड़ाते हुए गया, जिसके बाद उसका शव गौठान मैदान के किनारे जंगल मे देखा गया। पुलिस ने मर्ग जांच के तहत घटनास्थल एवं शव निरीक्षण, गवाहों एवं पंचानों के कथन, मृतक के पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आरोपी अंकित पिता मानिक लाल चंद्राकर, मनीष पिता मानिक लाल चंद्राकर, लोकेश पिता स्व. हेमलाल चंद्राकर व हेमंत पिता स्व. ईश्वर लाल चंद्राकर सभी निवासी पतेरापाली के द्वारा एकराय होकर मृतक कौशल सहिस को चोरी करने के संदेह पर पकड़कर, हाथ बांधकर, डरा धमका कर छोड़ने 25000 रुपए की मांग मृतक के परिजनों से करना पाया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में धारा 105, 115(2), 127(7), 3(5), 308(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद।** एक महिला के साथ मारपीट के मामले में आरोपी तीन महिलाओं के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया सोहना श्रीवास्तव निवासी वार्ड नंबर 12 लालदाडी पारा महासमुंद ने बताया कि 30 अक्टूबर की सुबह करीबन 07 बजे वह नल से पानी भरने के लिये गयी थी, तभी लक्ष्मी श्रीवास्तव ने कहा कि तुम्हारा बच्चा नाली में पेशाब कर दिया है, बदबू आ रहा है। ऐसा कहकर वह गाली गलौज करने लगी। जब उसने गाली गलौज करने से मना किया तो वह और जोर-जोर से गाली गलौज करने लगी। जिसे सुनकर प्रभा श्रीवास्तव और खुशबू श्रीवास्तव ने वहां आई और तीनों ने पुरानी रंजिशवश एक राय होकर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# उज्ज्वला 3.0 के नए नियम, 10 हजार आय व चार पहिया धारक अपात्र, गरीब परिवारों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 के नए मापदंडों ने जिले के कई परिवारों को बड़ा झटका दिया है। शासन की नई गाइडलाइन के अनुसार, जिन परिवारों की मासिक आय 10 हजार रुपये से अधिक है, या जिनके पास चार पहिया वाहन है, वे उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त एलपीजी कनेक्शन और सिलेंडर के लाभ के लिए अपात्र माने



जाएंगे। यह फैसला उन गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए बड़ी मुसीबत बन गया है जो महंगाई के इस दौर में मुफ्त गैस कनेक्शन का सपना देख रहे थे। जिले में ऐसे कई परिवार हैं जिनकी आय 10 हजार रुपये के आसपास है, लेकिन वे किसी न किसी मजबूरी में पुराना चार पहिया वाहन जैसे टैक्सी या मालवाहक रखते हैं। नए नियमों के तहत, ऐसे सभी परिवार योजना के लाभ से वंचित हो जाएंगे, भले ही उनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर हो। इस नियम से वास्तविक जरूरतमंदों की पहचान करना कठिन हो जाएगा और कई गरीब परिवार केवल आय या वाहन के आधार पर योजना के लाभ से बाहर हो जाएंगे। प्रशासन को चाहिए कि वह मापदंडों की सख्ती से समीक्षा करे, ताकि उज्ज्वला योजना का मुख्य उद्देश्य, यानी गरीब महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाना, सही मायनों में पूरा हो सके।

### राशन कार्ड का डेटा उठाया शासन ने

बता दें कि उज्ज्वला 3.0 योजना का लाभ लेने के लिए जो नियम व शर्तें बताई गई है वह राशन कार्ड बनाने का नियम था। जाहिर सी बात है कि उक्त योजना लाभ लेने के लिए वैसे ही नियम लागू किया गया है। साथ ही टारगेट राशन कार्ड को उठाया गया है।

### इस दायरे में होंगे वंचित

उज्ज्वला 3.0 में अगर परिवार का कोई भी सदस्य 10 हजार रुपये महीना कमाता हो, घर में सरकारी कर्मचारी हो, किसान क्रेडिट कार्ड में 50 हजार रुपये से अधिक सीमा की हो, सिंचाई उपकरण के साथ 2.5 एकड़ से अधिक सिंचित भूमि हो, दो या अधिक फसल के लिए 5 एकड़ या फिर अधिक सिंचित भूमि हो, तीन पहिया, चार पहिया वाहन हो ऐसे हितग्राही उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त एलपीजी कनेक्शन और सिलेंडर के लाभ के लिए अपात्र माने जाएंगे।

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूतः।।

आज दशगात्र



स्व.श्रीमती चित्रलेखा चंद्राकर जी
जन्म : 14.01.1954 | स्वर्गवास : 23.10.2025

अत्यंत दुःख के साथ आपको सूचित कर रहे हैं कि मेरी धर्म पत्नी श्रीमती चित्रलेखा चंद्राकर का स्वर्गवास दिनांक 23 अक्टूबर 2025 गुरूवार को हो गया है। विधि के विधान के सम्मुख हम सब नतमस्तक हैं। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। अतः उक्त कार्यक्रम में सपरिवार सम्मिलित होकर ब्रम्हलीन आत्मा को शांति प्रदान कर हमें अनुग्रहित करें।

-कार्यक्रम-
दशगात्र- 01/11/2025 शनिवार
कार्य स्थल-धुँचापाली कला (बागबाहरा)

शोकाकुल परिवार : रोशन, नीलकण्ठ, चंद्रशेखर, इन्द्रकुमार, अरूण, रेखलाल, सोमनाथ, पुकलाल, पप्पु, जीवराखन, दिलीप, देवा, अशोक, उत्तम, मनोज, डिगेश, नरसिंग, शेरसिंग, नंदकुमार, हरिश, संतराम, स्वामी, सुरेश, मधु, तुलसी, नवीन, यशवंत, मनीष, तारेण, विकास, योगेन्द्र, प्रवीण, प्रखर, गौरव, प्रणव, प्रांजल एवं समस्त चंद्राकर परिवार..

-विनीत-
प्रेमलाल चंद्राकर (पति)
राकेश-भारती चंद्राकर (पुत्र-वधु)
मो.-9926603585, 9425515143

टीप - जिन किसी स्नेहीजनों को शोकपत्र नहीं प्राप्त हुआ हो कृपया इसे ही सूचना जाने।

# नगर में देवउठनी एकादशी के लिए गन्ने की बंपर आवक, 30 रुपए नग तक बिक रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

देवउठनी एकादशी पर्व के अवसर पर नगर के बाजार में गन्ने की भारी खेप पहुंच गई है। शहर के मुख्य चौक-चौराहों और गलियों में जगह-जगह किसानों और व्यापारियों ने गन्ने के ढेर लगा दिए हैं, जिससे बाजार की रौनक बढ़ गई है। देवउठनी पर्व पर गन्ने का विशेष महत्व होने के कारण इसकी मांग अचानक बढ़ गई है। यही वजह है कि कीमतों में भी उछाल देखने को मिल रहा है। नगर स्थित तुमागंव ओवरब्रिज के पास गन्ना बेच रहे सुखनंदन आवड़े से मिली जानकारी के अनुसार, गन्ने की बिक्री 20 से 30 रुपए प्रति नग तक हो रही है, जो कि गन्ने की लंबाई, मोटाई और मिठास पर निर्भर करता है। पिछले वर्षों की तुलना में इस बार कुछ स्थानों पर कीमत में थोड़ी वृद्धि दर्ज की गई है। कई दूर-दराज के क्षेत्रों से किसान अपनी अच्छी फसल लेकर नगर पहुंचे हैं। वे अच्छी बिक्री की उम्मीद लगाए हुए हैं ताकि उन्हें अपनी मेहनत का




उचित दाम मिल सके। यह पर्व केवल तुलसी विवाह का ही नहीं, बल्कि किसानों के लिए भी एक आर्थिक उत्सव लेकर आया है।

### सुबह शुरू होगी देवउठनी

पंचांग के अनुसार कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की तिथि की शुरूआत 1 नवंबर को सुबह 9 बजकर 11 मिनट पर हो रही है। वहीं इस तिथि का समापन 2 नवंबर को सुबह 7 बजकर 31 मिनट पर होगा। ऐसे में देवउठनी एकादशी व्रत 2 नवंबर को किया जाएगा। इस व्रत को करने से साधक को सभी पापों से छुटकारा मिलता है। साथ ही जीवन में सुख-शांति बनी रहती है।

### बन रहे विशेष योग

वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, देवउठनी एकादशी पर ध्रुव के साथ-साथ रवि योग का निर्माण हो रहा है। इसके अलावा गुरु कर्क राशि में रहकर हंस राजयोग का निर्माण कर रहे हैं। कन्या राशि में शुक्र रहकर राहु के साथ नवपंचम राजयोग बना रहे हैं। इसके अलावा मंगल वृश्चिक राशि में आकर रूचक राजयोग बना रहे हैं। गुरु, शनि और मंगल त्रिकोण में स्थिति है जिसके कारण नवपंचम राजयोग का निर्माण हो रहा है। चंद्रमा मीन राशि में शनि के साथ विराजमान होंगे। ऐसे में विष योग का भी निर्माण करेंगे।

## खबर संक्षेप



### भलेसर में मनाया जाएगा श्याम बाबा का जन्मोत्सव

**महासमुंद।** श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर ग्राम भलेसर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 01 नवंबर शनिवार को दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर परिसर साहड़ा चौक में भव्य कलश यात्रा, पूजा एवं भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम दोपहर 02 बजे से कलश यात्रा, निशान यात्रा के साथ प्रारंभ होगा। तदोपरांत दोपहर 03 बजे से श्याम बाबा की मूर्ति स्थापना एवं पूजा-अर्चना का कार्यक्रम होंगे। रात्रि 08 बजे से प्रख्यात भजन गायक खगेश डड़सेना, निर्मल यादव व अविनाश लाडला द्वारा भजन गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी।

### मड़ई मेला, लोक कला मंच की प्रस्तुति कल

**कोमाखान।** बस स्टैंड दुर्गा समिति कोमाखान द्वारा छग स्थापना दिवस पर मड़ई मेला का आयोजन 2 नवंबर को किया गया है। इसके उपलक्ष्य में क्षेत्रवासियों के मनोरंजन के लिए छग के सुप्रसिद्ध लोक कला मंच कारी बदरिया बालोद का कार्यक्रम रखा गया है। बस स्टैंड दुर्गा उत्सव समिति कोमाखान के पदाधिकारियों, सदस्यों ने विज्ञप्ति में बताया कि कार्यक्रम रात्रि 8 बजे रखा गया है।



### कलश शोभायात्रा में शामिल हुए तुषार

**महासमुंद।** भागवत कथा कार्यक्रम के दौरान निकाली गई कलश शोभायात्रा आमासिवनी में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए, जिसमें महिलाएं सिर पर कलश रखकर धार्मिक गीतों और जयकारों के साथ एक विशेष मार्ग पर चलीं। यह यात्रा भागवत कथा के शुभारंभ के रूप में निकाली गई थी और इसका उद्देश्य भक्तिमय माहौल बनाना था, जहाँ भक्तों ने जय श्री राम, राधे राधे जैसे नारे लगाए। आमतौर पर कथा स्थल पर होता है, जहां कलश में जल भरकर पूजा और कथा का शुभारंभ किया जाता है। कार्यक्रम में लक्ष्मी नाथ साहू, सतीश साहू, पिंटू साहू, भुवनेश्वर साहू, भागवत साहू, शैलेंद्र साहू, गुलशन साहू, छोटू साहू आदि मौजूद रहे।

### आज जिले में शाम 5 से 7 बजे तक शराब बिक्री प्रतिबंधित

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर 1 नवंबर 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आगमन नवा रायपुर अटल नगर स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्योग एवं व्यापार परिसर में होना प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री के आगमन के मद्देनज़र प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। लोकहित में छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 24 (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले की हाईवे से सटी मदिरा दुकानों को निर्धारित समय में बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। जिसमें जिले की कंपोजिट देशी मदिरा दुकान घोड़ारी, कंपोजिट देशी मदिरा दुकान तुमगांव, कंपोजिट विदेशी मदिरा दुकान पटेवा-जोगीडीपा, देशी/विदेशी मदिरा दुकान झलप, देशी/विदेशी मदिरा दुकान पिथौरा एवं देशी/विदेशी मदिरा दुकान सरायपाली में 1 नवंबर 2025 को शाम 5 बजे से 7 बजे तक शराब बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। आबकारी विभाग द्वारा संबंधित दुकान संचालकों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## निरीक्षण : कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने तैयारियों का लिया जायजा

# राज्योत्सव का आयोजन शहर के मिनी स्टेडियम में कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य शासन से प्राप्त निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष राज्योत्सव-2025 का आयोजन महासमुंद जिले में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में किया जाएगा। यह आयोजन जिला मुख्यालय मिनी स्टेडियम महासमुंद में 02 से 04 नवंबर 2025 तक होगा। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद लोकसभा महासमुंद रूपकुमारी चौधरी शामिल होंगी। उद्घाटन समारोह रविवार 02 नवंबर 2025 को सायं 5 बजे से प्रारंभ होगा।



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं जिला अधिकारियों ने शुक्रवार की शाम मिनी स्टेडियम पहुंचकर राज्योत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आयोजन के लिए तैयारियां आपसी समन्वय के साथ कल तक पूर्ण कर लें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। राज्योत्सव में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा 25 वर्षों की विकास यात्रा और उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए आकर्षक प्रदर्शनी एवं स्टॉल लगाए जाएंगे। साथ ही सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय कलाकारों द्वारा लोक संस्कृति, गीत, नृत्य एवं नाटक प्रस्तुत किए जाएंगे। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे परिवार सहित आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर छत्तीसगढ़ की संस्कृति, गौरव और विकास की झलक का आनंद लें।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ लेकर एकता और अखंडता का किया गया स्मरण



**महासमुंद।** भारत के लौह पुरुष एवं देश के प्रथम उप-प्रधानमंत्री और गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर 31 अक्टूबर को प्रदेश में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाएगा। भारत सरकार के निर्देशानुसार राज्य शासन द्वारा इस दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जिले के शासकीय कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों और स्थानीय निकायों में पूर्वान्ह 10.30 बजे राष्ट्रीय एकता शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर विनय लंगेह ने अधिकारियों, कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता शपथ दिलाई। इसी तरह अलग अलग शैक्षणिक संस्थान, आश्रम, छात्रावास, महाविद्यालय और कार्यालयों में अधिकारी कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली। इसके साथ ही रन फॉर यूनिटी, निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताएं, एकता पर आधारित प्रदर्शनियां, युवा रैलियां तथा जन-जागरूकता कार्यक्रम पूरे वर्ष भर अक्टूबर 2025 से अक्टूबर 2026 तक आयोजित किए जाएंगे, जिससे सरदार पटेल के योगदान और राष्ट्रीय एकता के महत्व को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। कलेक्टर लंगेह ने सभी विभागों, जिलों और शासकीय संस्थानों को निर्देश दिए हैं कि वे राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर निर्धारित गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित करें, ताकि सरदार पटेल के आदर्शों और एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संदेश को जन-सामान्य तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जा सके।

## 3 गांव के किसानों ने की बांदूमुडा को धान खरीदी केंद्र बनाने की मांग

**तेंदूकोना।** डोकरपाली सरपंच जितेंद्र साहू के नेतृत्व में डोकरपाली, टूरीझर और बांदूमुडा के किसान नए धान खरीदी केंद्र के लिए बांदूमुडा को बनाए जाने का मांग कर रहे हैं, तीनों गांवों के किसानों द्वारा सबसे बीच बांदूमुडा को ही धान खरीदी केंद्र बनाने की मांग कर रहे हैं।

बताया जाता हैं कि नवीन धान खरीदी केंद्र के लिए 4 गांवों के किसानों में से 3 गांव के किसानों को बीच में रखेंगे बोला गया था, मगर जैसे ही कलमीदादर को नवीन समिति घोषित किया गया, तब बाकी 3 गांव के किसानों को स्थल को लेकर बीच में रखने मांग की गई, किसानों का साफ कहना है कि अगर 4 गांव के बीच बांदूमुडा में धान खरीदी केंद्र नहीं बनाया जाएगा तो हम 3 गांवों के किसानों का धान पूर्ववत तेंदूकोना धान खरीदी केंद्र में ही खरीदा जाए, शुक्रवार को किसानों से चर्चा करने के लिए तेंदूकोना जिला सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक श्रवण कुमार ठाकुर गए थे, उन्होंने बताया कि अभी ग्राम कलमीदादर को समिति बनाने का आदेश ही आया है, बाकी धान खरीदी केंद्र स्थल अभी फाइनल नहीं हुआ है। उन्होंने किसानों की मांग को तुरंत जिला नोडल अधिकारी को अवगत कराने की बात करते हुए धान खरीदी केंद्र स्थल को लेकर किसानों से सार्थक चर्चा करने की बात कही गई। इस दौरान अधिक संख्या में किसान उपस्थित रहे।



## प्रधानमंत्री मोदी के छत्तीसगढ़ आगमन पर एनएचएम कर्मचारियों ने किया स्वागत, नियमितीकरण की मोदी गारंटी लागू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एनएचएम कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष महासमुंद राम गोपाल खूंटे ने कहा कि 2023 विधानसभा चुनाव के दौरान एनएचएम संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण का वादा किया गया था।

इसी संदर्भ में छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों ने लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से पुनः भेंट की और लंबित मांगों पर सार्थक चर्चा की। मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि 25 बर्खास्त कर्मचारियों की बहाली की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाएगी तथा बहाली के उपरांत संघ के पदाधिकारियों के साथ पुनः बैठक कर अन्य मांगों पर निर्णय लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि एनएचएम कर्मियों ने राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, और सरकार उनके उचित हितों के प्रति संवेदनशील है। मंत्री ने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में सभी अधिकारी, कर्मचारी, आम जनता एवं सभी वर्गों का विशेष योगदान है।



एनएचएम कर्मचारियों की राज्य की स्वास्थ्य सेवा को मज़बूती देने में भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी और प्रदेश महासचिव कौशलेश तिवारी ने कहा कि यह सरकार एनएचएम कर्मचारियों की मांगों को लेकर बेहद संवेदनशील है। स्वास्थ्य मंत्री के साथ सकारात्मक चर्चा हुई है, और हमें पूर्ण विश्वास है कि सरकार शीघ्र ही सकारात्मक निर्णय लेगी।

पिछले माह राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कर्मचारी अपने नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर 33 दिनों तक हड़ताल पर रहे थे, जिसे सरकार के आश्वासन के बाद समाप्त किया गया था। भाजपा की मोदी गारंटी के अंतर्गत स्वास्थ्य संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण एवं 100 दिनों के भीतर निर्णय लेने का वादा किया गया था, जो अब तक लंबित है। प्रदेश प्रवक्ता पूरन दास ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर आगमन में एनएचएम कर्मचारियों को बहुत खुशी हैं और पूर्ण विश्वास है कि उनके हित में बड़ी घोषणा की जाएगी।

## गुरु नानक देव की 556वीं जयंती पर झलप में गूंज रहे वाहेगुरु के जयकारे



**झलप।** सिख धर्म के प्रथम गुरु, गुरु नानक देव की 556वीं जयंती के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा झलप में इन दिनों भक्ति और आस्था का अद्भुत माहौल बना हुआ है। गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व की तैयारी के तहत 25 अक्टूबर से प्रतिदिन प्रभात फेरी निकाली जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और श्रद्धालु संगत उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। प्रभात फेरी प्रतिदिन सुबह 5 बजे गुरुद्वारा साहिब से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, सब्जी मार्केट, और श्रीराम जानकी मंदिर चौक होते हुए पुनः गुरुद्वारा साहिब पहुंचती है। रास्ते भर गुरु की महिमा का गुणगान करते हुए संगत वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह के जयकारे लगाती है। गुरुवाणी के शब्द-कीर्तन से नगर की गलियां गुंजायमान हो उठती हैं और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बन जाता है। गुरुद्वारा समिति के सदस्यों और गुरु-प्रेमी परिवारों द्वारा प्रतिदिन लंगर, चाय और नाश्ते की सेवा की व्यवस्था की जा रही है। यह प्रभात फेरी 4 नवंबर तक निकाली जाएगी, जिसके उपरांत 5 नवंबर को नगर कीर्तन का भव्य आयोजन किया जाएगा। संगत का कहना है कि गुरु नानक देव के उपदेश मानवता, समानता और सेवा आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं और उनके प्रकाश पर्व पर इन मूल्यों को आत्मसात करने का यह सुनहरा अवसर है।

## गोपाष्टमी पर्व पर गायों को रोली, चंदन से तिलक कर किया पूजन, हरा चारा एवं गुड़ का भोग अर्पण



**सरायपाली।** ग्राम केंदूढार स्थित बनवारी गौशाला में गोपाष्टमी पर्व पर गोशाला में बछड़े एवं गायों को रोली, चंदन से तिलक कर मंत्रोच्चार से पूजन किया। गायों की आरती कर हरा चारा एवं गुड़ का भोग अर्पण किया। महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया ने बताया कि गोपाष्टमी पर भगवान कृष्ण के साथ गायों एवं गोपालकों के पूजन का महत्व है। युवाओं ने भी गायों की पूजन कर गोशाला के सभी गोपालकों का सम्मान कर मिष्ठान वितरित किया। गोपाष्टमी का पर्व गुरुवार को श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर में अनेक स्थानों पर गोमाता की पूजा अर्चना की गई और गोरक्षा का संकल्प लिया।

इस दौरान गोमाता को गोग्रास, मालपुआ भी खिलाए गए। इस दौरान गोमाता के अंगों में मेंहदी, रोली, हल्दी के थापे लगाए और सजाया गया। स्थित गोशाला में भी गोमाता को गौग्रास खिलाने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के पूर्व कैबिनेट मंत्री व वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया, पूनम चंद्राकर, प्रेम सिंघानिया (अध्यक्ष, पूर्व गौ सेवा आयोग-रायपुर), महावीर अग्रवाल समाज सेवी, महंत लखन मुनि साहेब (प्राचीन कबीर कुटी तरेकेला), पं. देवराज मिश्रा (भागवताचार्य) के साथ ही भाजपा के पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपिन उपोवेजा, संजय शर्मा, धनेश नायक, कामता प्रसाद पटेल के साथ बड़ी संख्या में भक्तगण सम्मिलित हुए।

## कोमाखान थाना प्रभारी नितेश सिंह केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक से होंगे सम्मानित



**महासमुंद।** जिले के कोमाखान थाना प्रभारी निरीक्षक नितेश सिंह ठाकुर को उत्कृष्ट कार्य एवं निष्पक्ष जांच के लिए केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक से सम्मानित किया जाएगा। जिसकी आधिकारिक घोषणा भारत के प्रथम गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर हुई। निरीक्षक ठाकुर को यह सम्मान उनके इन्वेस्टिगेशन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला है। उन्होंने नाबालिक बालिका के साथ घटित जघन्य अपराध के मामले में न्याय सुनिश्चित करने के लिए उल्लेखनीय भूमिका निभाई। घटना की शिकायत मिलते ही उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित की और सीमित समय में मामले की जांच पूरी की। साक्ष्यों का वैज्ञानिक एवं ठोस संकलन कर निर्धारित समय सीमा में अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। फास्ट ट्रैक कोर्ट में इस प्रकरण का शीघ्र निराकरण हुआ और आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।



## राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ

**पिथौरा।** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गड़बेड़ा में राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां सभी विद्यालयीन बच्चों के साथ स्कूल स्टॉफ ने हिस्सा लिया। संकुल प्राचार्य नंदकुमार चौधरी ने इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने अखंड भारत की नींव रखी और देश की एकता, अखंडता को बनाए रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। छात्र-छात्राओं ने भी राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने का संकल्प लिया। इसी तरह से संकुल केंद्र गड़बेड़ा के अंतर्गत सभी विद्यालयों में एकता दिवस शपथ का आयोजन किया गया।



## राज्योत्सव में विभागीय स्टाल का निगम अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य कृषि एवं बीज विकास निगम अध्यक्ष (राज्यमंत्री) चंद्रहास चंद्राकर ने रायपुर में आयोजित राज्योत्सव स्थल पर कृषि विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय स्टाल में कृषि यंत्रों, मशीनों व अन्य उपकरणों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कृषि विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं को प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के रजत जयंती राज्योत्सव के अवसर पर विभागीय योजनाओं की जानकारी किसानों को मिले इसका विशेष खयाल रखे। उन्होंने ऐसी व्यवस्था बनाने कहा जिससे योजनाओं के बारे में किसान आसानी से समझ सके। इस अवसर पर अपर संचालक कृषि ज्ञानेश पीडिया, नोडल अधिकारी हर्ष कुमार यागिक, पुष्पांजलि साहू सूक्ष्म जीव वैज्ञानिक,पायल अग्रवाल उपप्रबंधक, नीता चौधरी, एसके बेहरा व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## खल्लारी में सरदार पटेल की जयंती पर एकता दौड़ का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर थाना खल्लारी के तत्वावधान में एकता दौड़ का आयोजन बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राएं, ग्राम पंचायतों के युवा, शिक्षकगण, पुलिस अधिकारीगण तथा गणमान्य नागरिक भारी संख्या में उपस्थित हुए।

थाना प्रभारी खल्लारी ने सभी प्रतिभागियों को एकता दौड़ के उद्देश्य की जानकारी देते हुए कहा कि सरदार पटेल ने स्वतंत्र भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई थी। उन्होंने 562 रियासतों का विलय कर भारत की एकता और अखंडता को सशक्त बनाया। उनकी दूरदर्शिता और अदम्य साहस के कारण ही आज भारत एक मजबूत राष्ट्र के रूप में खड़ा है। एकता दौड़ खल्लारी माता मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर 200 मीटर की दौड़ के बाद पुनः वहीं समाप्त हुई। मार्ग में प्रतिभागियों ने एक भारत श्रेष्ठ भारत, सरदार पटेल अमर रहें, भारत माता की जय जैसे नारों से पूरे क्षेत्र का वातावरण देशभक्ति से सराबोर कर दिया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित खेल एवं युवा कल्याण विभाग के जिला सलाहकार समिति सदस्य कुबेर यदु ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि भारत की एकता के प्रतीक थे। उन्होंने यह दिखाया कि संगठन और समरसता से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। आज के युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। एकता दौड़ जैसे आयोजन से नई पीढ़ी में देशभक्ति, अनुशासन और सामूहिकता की भावना विकसित होती है।

उन्होंने आगे कहा कि एकता सिर्फ शब्द नहीं, बल्कि विचार और कर्म दोनों में होना चाहिए। जब तक हर नागरिक अपने मन में एकता की भावना को नहीं अपनाएगा, तब तक समाज और राष्ट्र की मजबूती अधूरी रहेगी।

कार्यक्रम में थाना स्टाफ के कर्मचारी सहित शिक्षकों, ग्राम प्रतिनिधियों एवं अभिभावकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए। सभी ने सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों पर चलने और देश की एकता, अखंडता एवं समरसता की रक्षा हेतु संकल्प लिया। इस अवसर पर पुलिस विभाग से प्रेम साहू, कामता आवड़े आदि उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**



## दो दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का हुआ समापन

**महासमुंद।** शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय के तत्वावधान में एनडीएलआई और ओएनओएस की प्रायोगिक जानकारी विषय पर आधारित दो दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार के द्वितीय दिवस का आयोजन हुआ। वेबिनार का उद्देश्य उच्च शिक्षा में डिजिटल संसाधनों के प्रभावी उपयोग एवं नवाचार की संभावनाओं पर प्रकाश डालना रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी प्राचार्य डॉ शीलभद्र कुमार ने किया। द्वितीय दिवस के मुख्य वक्ता अजय कुमार वास पुस्तकालयाध्यक्ष माता कर्मा कॉलेज रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करुणा दुबे प्रभारी प्राचार्य शासकीय महाप्रभु स्नातकोत्तर ने की। संचालन डॉ. श्वेतलाना नागल सहायक प्राध्यापक द्वारा किया गया। इस अवसर पर संकाय सदस्यों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों की सहभागिता रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अजय कुमार देवगन, टीकम एवं पूजा आदि का सहयोग रहा।

**कार्यक्रम:** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय हुआ आयोजन

# सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर हुई भाषण प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय विधायक एवं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष योगेश्वर राजू सिन्हा एवं प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन में सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर भाषण प्रतियोगिता राष्ट्रीय सेवा योजना वाणिज्य विभाग एवं रसायन विभाग की संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कमलेश ध्रुव डीएम द न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड एवं मुख्य वक्ता के रूप में वेद प्रकाश परगनिहा सतर्कता अधिकारी, डॉ मालती तिवारी जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना, अजय कुमार राजा विभागाध्यक्ष वाणिज्य उपस्थित रहे।

करुणा दुबे ने स्वागत उदबोधन में कहा कि हम यहाँ एक महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा करने के लिए इकट्ठे हुए हैं-₹सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी₹। यह विषय न केवल हमारे व्यक्तिगत जीवन के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि समाज और देश के विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। सतर्कता का अर्थ है चौकस रहना, जागरूक रहना और हर परिस्थिति में सावधानी बरतना। यह हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है जो हमें खतरे से बचाता है और हमें सही निर्णय लेने में मदद करता है। वेदप्रकाश परिगनिहा ने सतर्कता शपथ दिलाई तथा अपने उद्बोधन में कहा कि सतर्कता जरूरी है, जिससे हम और हमारे आसपास के लोगों को सुरक्षित कर सकते हैं है। सतर्कता हमें दुर्घटनाओं और अपराधों से बचाती है। जिम्मेदारी भी अहम भूमिका निभाती है। जब हम सतर्क रहते हैं, तो हम अपनी जिम्मेदारियों को बेहतर तरीके से निभा पाते हैं। इससे हमारा आत्मविश्वास बढ़ता है और हम समाज के लिए एक जिम्मेदार नागरिक बनते हैं। सही निर्णय की जानकारी में सतर्कता हमें सही और गलत के बीच का अंतर समझने में मदद करती है। यह हमें ऐसे निर्णय लेने में सक्षम बनाती है जो न केवल हमारे लिए बल्कि समाज के लिए भी फायदेमंद होते हैं।



कमलेश ध्रुव ने कहा कि हमें सतर्क रहने के लिए लोगों में जागरूकता लाना आवश्यक है जैसे कि हमें अपने आसपास की गतिविधियों और परिवेश के प्रति जागरूक रहना चाहिए। यह हमें संभावित खतरों को पहचानने और उनसे बचने में मदद करेगा। साथ ही शिक्षा और प्रशिक्षण से हमें सतर्कता और सुरक्षा के बारे में शिक्षा और प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहिए। इससे हम आपातकालीन स्थितियों में सही तरीके से प्रतिक्रिया दे पाएंगे। सामुदायिक भागीदारी से हमें अपने समुदाय में सतर्कता और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इससे हम एक सुरक्षित और स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम में रिचा चंद्राकर, गीता पटेल, श्रेयांश सोनी, दुर्गा बरिहा, अखतकण निशा, कल्पना जांगड़े, आशा साहू, नीलम साव, सुजीत शाह, नुसरत खान, जया ठाकुर, आरती मेहता, संजय मेहेर, ठगनूराम ने भाग लिया। जिसमें प्रथम नुसरत खान, द्वितीय आरती मेहता एवं तृतीय श्रेयांश सोनी रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेश्वरी सोनी सहायक प्राध्यापक वाणिज्य एवं आभार प्रदर्शन डॉ मालती तिवारी ने किया।



## श्रीराम उच्च प्राथमिक शाला में राष्ट्रीय एकता दिवस पर हुआ शपथ ग्रहण समारोह

**महासमुंद।** शासकीय श्रीराम उच्च प्राथमिक शाला एवं प्राथमिक शाला महासमुंद में राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता दिवस पर सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं देश की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान प्रधान पाठक उर्मिला मरकाम द्वारा बच्चों को सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, व्यक्तित्व एवं देश की एकता में उनके अमूल्य योगदान के बारे में बताया गया। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि सरदार पटेल के आदर्शों को अपनाकर ही सच्चे अर्थों में राष्ट्रीय एकता को सशक्त किया जा सकता है। इस अवसर पर स्काउट गाइड के विद्यार्थी, विद्यालय के छात्र-छात्राएँ तथा शिक्षकगण उपस्थित रहे। उपस्थित शिक्षकों में प्राथमिक शाला प्रधान पाठक चमेली चंद्राकर, लक्ष्मी मानिकपुरी, किशोर देवांगन, गीता गोस्वामी, लीनू चंद्राकर तथा हेमन चक्रधारी प्रमुख रूप से शामिल थे।




## गुड शेफर्ड में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

**महासमुंद।** गुड शेफर्ड विद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस बड़े उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना सभा से हुआ, जिसके पश्चात प्राचार्य एम निवास राव ने छात्रों को राष्ट्रीय एकता और अखंडता के महत्व पर प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चे भारत देश के विभिन्न प्रांतों के रंग बिरंगी परिधानों में सुंदर प्रस्तुति देकर अनेकता में एकता का राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत संदेश दिया। उपप्राचार्य मिताली गुरुंग ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार पटेल ने देश की रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत की एकता को साकार रूप दिया। हमें उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए। हिंद देश के निवासी और सारे जहां से अच्छा आदि देशभक्ति पूर्ण गीत से सारा विद्यालय गूंज उठा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। विद्यालय परिसर में देशभक्ति और एकता का माहौल छा गया।

# वृंदावन विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया छत्तीसगढ़ राज्य का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय वृंदावन विद्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर रजत जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई।

कार्यक्रम की शुरूआत शाला संचालक एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, उप प्राचार्य इंदु मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षिका अमृता चंद्राकर, रेखा साहू, उर्मिला अग्निहोत्री के द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी, मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। साथ ही लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया एवं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के पुण्यतिथि पर उनको स्मरण कर उनके छायाचित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रध्दांजलि दी गई। तत्पश्चात शाला संचालक द्वारा छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकगणों के साथ राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्र के प्रति एकता, स्वतंत्रता, न्याय एवं लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाये रखने के लिए शपथ ली गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संचालक एमआर विश्वनाथन ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध इतिहास और प्राचीन संस्कृति, कला और विभिन्न परंपराओं से बच्चों का अवगत कराया। इसी कड़ी में संचालिका सुजाता विश्वनाथन ने छत्तीसगढ़ के गौरवशाली क्षण को बतलाते हुए राज्य के कृषि, उर्जा, इस्पात, शिक्षा और संस्कृति जैसे विकासशील क्षेत्रों में भारत देश की पहचान है, से अवगत कराया। इस उपलक्ष्य पर छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण, जनउला, पारंपरिक छत्तीसगढ़ी नृत्य व गीत रंगारंग प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रवीण साहू व आभार प्रदर्शन उप प्राचार्य इंदु मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं वर्षा चंद्राकर, जागृति साहू, नीरु मांझी, रिंकी कुर्रे, हीना खान, होमेश साहू, अमन वर्मा, तुषार निर्वाण, तेजन कुमार, चंदना सोनी, भूमिका वर्मा, मनीषा बावनकर, शुभ्रा अग्रवाल, नंदिनी साहू, अंशु यादव, संगीता साहू, स्वाति ठाकुर, हेमलता वर्मा, दीपशिखा गायकवाड़, आरती गुप्ता का योगदान रहा।





## महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

**महासमुंद।** भारत की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय एकजुटता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर को शांत्रीबाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डा सविता चंद्राकर द्वारा मां सरस्वती व सरदार पटेल के छायाचित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। पश्चात संस्थान के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने "राष्ट्रीय एकता शपथ" ली और देश की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सरदार पटेल के जीवन एवं योगदान पर भाषण, कविता-पाठ, निबंध तथा पोस्टर प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने भाग लेकर देश की एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर प्राचार्य डा सविता चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने जिस दृढ़ता और दूरदृष्टि से देश के रियासतों को एक सूत्र में पिरोया, वह हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन युवा पीढ़ी में देशभक्ति, एकता और सामाजिक सौहार्द की भावना को सशक्त बनाते हैं। कार्यक्रम में मंच संचालन सहायक प्राध्यापक गोविन्द्र श्रीवास व लुकेश साहू एवं आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक आकांक्षा सिंह ने किया। इस अवसर पर मेनका चंद्राकर, नारायण चक्रधारी, देवेंद्र चंद्राकर, गायत्री चंद्राकर, हीना चंद्राकर, शत्रुघन पटेल, रेशम लाल साहू, आर्षी सालोमन, भूमिका दुबे, नरेंद्र तांडी, देवानंद चंद्राकर, गुलाब चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चंद्राकर, मानिक लाल तारक, प्रमिला चंद्राकर, मानिक पटेल व महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## आयुष बैडमिंटन में आयुष प्रथम



**झलप।** सांसद खेल महोत्सव बागबाहरा में आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता में कार्मेल इंग्लिश मीडियम स्कूल बागबाहरा में अध्ययनरत छात्र भटगांव निवासी आयुष शुक्ला पिता धर्मेश शुक्ला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनके सफलता पर स्कूल स्टाफ और ग्रामीणों ने हर्ष जताया है।

# भारत रत्न पटेल की जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा के बलिदान दिवस पर हुआ श्रद्धांजलि कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा राजीव भवन के सभागार में राष्ट्र के दो महान नेताओं भारत के प्रथम गृहमंत्री, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं भारत की पूर्व प्रधानमंत्री, आयरन लेडी इंदिरा गांधी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत से हुई। पश्चात कांग्रेसजन एवं पदाधिकारियों ने सरदार पटेल और इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। तत्पश्चात दोनों महान नेताओं के योगदानों को याद करते हुए मौन धारण किया गया। इस अवसर पर डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी अदम्य इच्छाशक्ति और दूरदृष्टि से देश की 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत की नींव रखी। वहीं इंदिरा गांधी ने अपने दृढ़ नेतृत्व और अटूट संकल्प से भारत को विश्व पटल पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। उनका जीवन देशभक्ति, साहस और सेवा की मिसाल है। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, दाऊलाल चंद्राकार, संजय शर्मा महामंत्री, हीरा बंजारे पूर्व मंडी अध्यक्ष, प्रवीण चंद्राकर, गौरव चंद्राकर महामंत्री, जसबीर ढिल्लो, गुरमीत चावला प्रभारी महामंत्री, अमन चंद्राकर जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस, वीरेंद्र चंद्राकर पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष, महेन्द्र साहू जनपद सदस्य, तुलसी साहू, सुनील चंद्राकर, मो.शकील खान, तबरेज खान, नितेंद्र बैनर्जी सेवादल, टोमन सिंग कागजी, गौरव जानी, मनोहर ठाकुर, कविता तिवारी सेवादल, प्रकाश अजमानी, सतीश कन्नौजे, मोती साहू, आशीष साहू, बसंत चंद्राकर, प्रकाश, तरुण ध्रुव, तुलसी देवदास, भानू सोनी एवं अन्य कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने दोनों महान नेताओं के आदर्शों पर चलने एवं उनके बताए मार्ग पर देशहित में कार्य करने का संकल्प लिया।




# कवि रजत कृष्ण पर किताब का विमोचन कल

**बागबाहरा।** नगर के कवि रजत कृष्ण के जीवन पर आधारित किताब 'रजत कृष्णः साहित्य के स्टीफन हॉकिंग' का दो नवंबर को जैन सूरी भवन में विमोचन किया जाएगा। इस किताब का संपादन कवि भास्कर चौधुरी (कोरबा) और नंदन (रायपुर) ने किया है। इस आयोजन में देश प्रदेश के अनेक कवि, साहित्यकार और साहित्य प्रेमी जुटेंगे।कार्यक्रम के संयोजक पीयूष कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से आरंभ होगा। सबसे पहले कवि रजत कृष्ण के जीवन पर एक लघु वृत्तचित्र प्रदर्शित की जाएगी। फिर किताब का विमोचन होगा। इसके बाद रजत कृष्ण के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विद्वत साहित्यकारों द्वारा संवाद होगा। भोजन के उपरांत दोपहर में रजत कृष्ण की कविताओं का पाठ किया जाएगा। इस आयोजन में छिंदवाड़ा के कवि और चित्रकार रोहित रूसिया के बनाये पोस्टर मुख्य आकर्षण होंगे। रजत कृष्ण विगत साढ़े तीन दशकों से हिंदी कविता में जाना पहचाना नाम है। उनकी कविताओं में जनपक्षधरता बड़ी विशेषता है। उनके दो काव्य संग्रह और अनेक लेख प्रकाशित हो चुके हैं। 'सर्वनाम' पत्रिका के संपादक रजत कृष्ण बागबाहरा कॉलेज में प्राध्यापक हैं। विषम बाधाओं को उन्होंने अपनी प्रबल इच्छाशक्ति से झुकाया और पार किया है। उनके इस प्रेरक जीवन के कारण साहित्य जगत उन्हें कविता का स्टीफन हॉकिंग कहकर पुकारता है। नगर के साहित्य प्रेमियों ने सभी लोगों से आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

# स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय में सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस को मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी आत्मानंद शासकीय आदर्श अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय में संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन में एकता दिवस पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम संयोजक के रूप में वरिष्ठ प्राध्यापक प्रतिमा चंद्राकर हिंदी रहीं। अतिथि व्याख्याता हरिशंकर नाथ राजनीति विज्ञान ने समस्त छात्रों और स्टाफ को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। जिसमें सभी ने उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया। तत्पश्चात वरिष्ठ प्राध्यापक प्रतिमा चंद्राकर ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल भारत के लौहपुरुष के रूप में प्रसिद्ध हैं, जिन्होंने स्वतंत्र भारत की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने रियासतों के विलय का कठिन कार्य दृढ़ इच्छाशक्ति और कुशल राजनीतिक दृष्टिकोण से पूरा किया, जिससे भारत एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ। उनका जीवन हमें यह संदेश देता है कि जब राष्ट्रहित सर्वोपरि होता है, तब कोई कार्य असंभव नहीं है तथा उनके नेतृत्व, दृढ़ निश्चय और राष्ट्रभक्ति के कारण उन्हें सच्चे अर्थों में भारत का एकीकरणकर्ता कहा जाता है। इस दौरान कार्यक्रम में महाविद्यालय के अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष रवि कुमार देवांगन, वाणिज्य संकाय विभागाध्यक्ष तरुण कुमार बांधे एवं अतिथि व्याख्याता डॉ. ग्लैडिस एस मैथ्यू समाजशास्त्र, आलोक हिरवानी (कंप्यूटर साइंस), चित्रेश बरेठ रसायन शास्त्र, माधुरी दीवान वाणिज्य, खुशबू सिन्हा ग्रंथपाल, शेषनारायण साहू लैब टेक्नीशियन, जगतारण बघेल लैब टेक्नीशियन, नानक साहू कंप्यूटर ऑपरेटर एवं समस्त छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।






# अक्षय आंवला नवमी पर महिलाओं ने की पूजा अर्चना

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में आंवला नवमी के दिन महिलाओं ने सुबह स्नान कर आंवले के पेड़ के नीचे साफ-सफाई करती हैं। इसके बाद आंवले के पेड़ के नीचे पूर्व दिशा में खड़े होकर जल और दूध चढ़ाती हैं। फिर आंवले के पेड़ के चारों ओर रुई लपेटती हैं और 7 बार परिक्रमा कर अंत में आंवले की आरती करके परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। अक्षय नवमी को आंवला नवमी के नाम से भी जाना जाता है। अक्षय नवमी का शास्त्रों में बहुत बड़ा महत्व बताया गया है। अक्षय नवमी के दिन आंवले के पेड़ की पूजा का खास महत्व बताया गया है। कहते हैं कि इस दिन आंवले के पेड़ से अमृत बरसता है, इसलिए अक्षय नवमी के दिन आंवले के पेड़ के नीचे लोग खाना भी खाते हैं। इसके अतिरिक्त आंवला नवमी का पर्व घर में एकता और सामूहिकता को बढ़ावा देने का भी एक अच्छा अवसर होता है। इस दिन महिलाएं एकत्रित होकर एक-दूसरे से मिलती हैं, पूजा करती हैं और समाज में प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हैं। इस दिन महिलाओं ने अक्षय आंवला नवमी तिथि को आंवले पेड़ की पूजा अर्चना किया गया। इस दौरान सरोज, लीना, माधुरी, लेख, रेखा, शिवकुमारी, सरोज, प्रतिभा आदि मौजूद रहे।








## खबर संक्षेप



### पटेल की जयंती मनाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मितानिन कौशल्या चंद्राकर, हेमलता चंद्राकर, शकुन चंद्राकर, भारती चंद्राकर, शशि चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, कौशल्या चंद्राकर ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को उनके दूरदर्शी नेतृत्व और भारत के एकीकरण में उनके योगदान के लिए याद किया जाता है।



### देवरी स्कूल में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी विकासखण्ड बागबाहरा में सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस पर राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य डोमन सिंह टंडन, व्याख्यातागण नेशलाल धृतलहरे, संजय बारसागढ़े, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, भोजराम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान, नीलू सोनी, बीएल टंडन, आनंद राम व्यवहार, सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, मौसमी चंद्राकर, देवानंद चंद्राकर, व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, पुष्कर वर्मा, कार्यालयीन कर्मचारी हितेश साहू, रईस मिर्जा, कार्तिक राम यादव आदि मौजूद रहे। संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया।

**आयोजन:** सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ मिनी स्टेडियम सुनसुनिया में हुआ

# अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना प्रदान करती हैं खेल प्रतियोगिता : भीखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और प्रेरणा से संचालित सांसद खेल महोत्सव का दो दिवसीय भव्य आयोजन मिनी स्टेडियम बागबाहरा सुनसुनिया में लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी के निर्देश में शुभारंभ हुआ। महोत्सव का प्रथम दिवस बड़े ही उत्साह, जोश और खेल भावना के साथ हुआ।

यह आयोजन ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और युवाओं में प्रतिस्पर्धा एवं अनुशासन की भावना विकसित करने के उद्देश्य से किया गया है। इसमें बागबाहरा विकासखंड नगर के सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित हुए। नगर के सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं एवं नगर पालिका के कर्मचारी एवं अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासमुंद जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में खेलों को एक नई दिशा और ऊर्जा मिली है। सांसद खेल महोत्सव जैसी पहलें न केवल ग्रामीण युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देती हैं, बल्कि उन्हें जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना भी प्रदान करती हैं।



### महोत्सव में अनेक खेल हुए

पहले दिन आयोजित विभिन्न खेल स्पर्धाओं में कबड्डी, खो-खो, दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, जैसे खेलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। बालक और बालिका दोनों वर्गों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया। खेल मैदान में दर्शकों का उत्साह देखते ही बनता था। कार्यकम की शुरूवात छात्राएं द्वारा छत्तीस गढ़ की लोक संस्कृति, परंपरा गौरा गौरी, सुवा गीत, राउत नाचा की सुंदर प्रस्तुति दिए गए। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति द्वारा सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। सांसद खेल महोत्सव का समापन समारोह कल आयोजित होगा, जिसमें विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया जाएगा और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल के बच्चे अब किसी भी मायने में पीछे नहीं हैं। यदि उन्हें उचित मंच और संसाधन मिलें तो वे प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश और विदेशों में भी अपनी पहचान बना सकते हैं। महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अल्का चंद्राकर ने कहा कि खेल हमारे भारत की गौरवशाली विरासत रहे हैं। हमारे देश के खिलाड़ियों ने वैश्विक स्तर पर भारत का नाम ऊंचा किया है। खेल से न केवल शारीरिक क्षमता का विकास होता है, बल्कि यह बौद्धिक स्तर, आत्मविश्वास और समरसता की भावना का भी सर्वांगीण विकास करते हैं। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष डिम्पल ध्रुव ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न और अनिवार्य हिस्सा हैं, जो हमें एकता, अनुशासन और सहयोग की भावना सिखाते हैं।

इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी बागबाहरा गिरीश चंद्रा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी केके वर्मा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामता डे, पीएमश्री आत्मानंद विधालय की प्राचार्य हीरा नायक, हिरेंद्र देवांगन, विशंभर ठाकुर खेल प्रभारी, व्याख्याता गजानंद बुडेक, ठाकुर राम साहू, सुभाष चंद्राकर, प्रदीप वर्मा, दौलत दीवान, नगर पालिका के सभी अधिकारी व कर्मचारीगण, नगर की सभी विद्यालयों की प्राचार्य व शिक्षक-शिक्षिका प्रमुख रुप से शामिल हुए। विशेष अतिथि के रूप में अल्का नरेश चंद्राकर भाजपा मंडल अध्यक्ष डिंपल ध्रुव युवा मोर्चा अध्यक्ष बाला चंद्राकर पूर्व मंडल अध्यक्ष व पार्षद प्रेम साहू, मंडल महामंत्री बागबाहरा अतुल गंडेचा, महामंत्री ताराचंद देवांगन, पार्षद उदय चंदेल, नीरू मानिकपुरी, प्रतिमा चंद्राकर, पूरन सबर, शाहजान पाशा, बलवीर बग्गा विधायक प्रतिनिधि, नरेंद्र बग्गा आदि उपस्थित रहे।

## सावित्रीपुर में सरदार पटेल की जयंती पर गूंजी एकता की प्रतिध्वनि

### विद्यार्थियों ने लिया अखंड भारत का संकल्प




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सावित्रीपुर में भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। तत्पश्चात समस्त शिक्षकगण और छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय एकता की शपथ ली गई। शपथ के दौरान सभी ने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने का संकल्प लिया। संस्था प्रमुख पी सिदार ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरदार पटेल ने जिस प्रकार 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत को अखंड बनाया, वह भारतीय इतिहास का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने सभी से समाज में एकता, अनुशासन और सहयोग की भावना बनाए रखने का आह्वान किया। संकुल समन्वयक पीएल चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक के भीतर राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी और समर्पण की भावना जाग्रत करने का अवसर है। कार्यक्रम में उपस्थित एसएल पटेल ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन दृढ़ निश्चय, सेवा भावना और राष्ट्रप्रेम का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को कर्म के माध्यम से देशभक्ति प्रदर्शित करने की प्रेरणा दी। वहीं महेंद्र तांडी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी एकता है। जब हम सब मिलकर समाज व देशहित में कार्य करते हैं, तभी सच्चे अर्थों में 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' का निर्माण होता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए और सरदार पटेल के जीवन से प्रेरक प्रसंगों का वाचन किया गया।

# सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ सप्त शक्ति संगम वक्ता प्रशिक्षण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उमावि में बुधवार को सप्त शक्ति संगम वक्ता प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ। अतिथियों दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मनोज साहू, सप्तशक्ति संगम के प्रांतीय सदस्य व राजिम विभाग प्रमुख, संध्या शर्मा सप्तशक्ति संगम महासमुंद जिला वक्ता, ओमकुमारी साहू, सह जिला प्रभारी, नंदूराम निर्मलकर प्राचार्य सशिमं. बागबाहरा व सप्त शक्ति संगम महासमुंद जिला प्रभारी तथा सुरेश साहू सह जिला समन्वयक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभिक सत्रों में वक्ताओं ने सप्तशक्ति को समाज के सात प्रमुख मानवीय-नीतिशील एवं सांस्कृतिक आयामों को जोड़ने वाले एक मंच के रूप में रेखांकित किया। यद्यपि विभिन्न प्रांतों में इसकी व्याख्या स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप भिन्न हो सकती है, परंतु मूल ध्येय एक ही है-शक्ति-संवर्धन, संगठन-सुदृढ़ीकरण, और संस्कार-संचार।




कार्यशाला में उपस्थित वक्ताओं को यह समझाया गया कि परिवार, विद्यालय, समाज, सेवा-कार्य, सांस्कृतिक विरासत, संगठनात्मक अनुशासन और राष्ट्रभक्ति-ये सब मिलकर उस सातस्तरीय सामूहिक बला का निर्माण करते हैं जिसे सप्तशक्ति की संज्ञा दी जाती है। इस कार्यशाला का प्राथमिक लक्ष्य था- सप्तशक्ति संगम की अवधारणा को धरातल पर गति देना, विद्यालयों-परिवारों-समाज के बीच जीवंत सेतु बनाना तथा मातृशक्ति व शिक्षिकाओं को ऐसी नेतृत्वकारी भूमिका में तैयार करना जिससे संस्कारयुक्त, राष्ट्रनिष्ठ एवं समाजोत्थनकारी शिक्षा वातावरण का विस्तार हो। वक्ताओं को संगठनात्मक संरचना, कार्य-पद्धति, संवाद-कौशल, सांस्कृतिक-शैक्षकि गतिविधियों के एकीकरण तथा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप कार्ययोजना बनान पर बल दिया गया। अंत में सप्तशक्ति संगम के जिला प्रभारी एवं स्थानीय विद्यालय के प्राचार्य निर्मलकर ने कहा कि विद्यालयों के माध्यम से बालक-बालिकाओं तक पहुंचने का सबसे सशक्त माध्यम मातृशक्ति व शिक्षिका वर्ग हैं। यदि ये दोनों वर्ग संगठन से जुड़कर नियमित संवाद और संस्कार सत्र चलाएं तो समाज में सकरात्मक परिवर्तन की रफ्तार कई गुना बढ़ सकती है। उन्होंने वक्ताओं से आह्वान किया जिला एवं खंड स्तर नियमित बैठकें, मूल्य आधारित बाल सभा, संस्कार वर्ग तथा अभिभावक संपर्क अभियान चलाने के लिए प्रेरित किया। सप्तशक्ति संगम के प्रांतीय सदस्य मनोज साहू ने माताओं द्वारा, ग्राम, नगर एवं शहर में मातृशक्ति का जागरण व धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागी होने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यशाला में महासमुंद जिला से 03 प्रशिक्षक, 38 वक्ता, 18 संयोजिका एवं 05 प्रभारी व 01 जिला सह जिला समन्वयक सहित कुल 65 लोग सम्मिलित हुए।

जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े कानों की रिशेपिंग
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं नंगा डायग्नोस्टिक्स के ऊपर, कलर्स मॉल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.



## सुखरीडबरी स्कूल के बच्चों ने लगाई दौड़

**बागबाहरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखरीडबरी में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती मनाई गई। साथ ही स्काउट गाइड के बच्चों द्वारा दौड़ लगाया गया। इस अवसर पर गांव के प्रबुद्ध नागरिक कृष्णा चक्रधारी, शाला के प्राचार्य केएस सबर, शापूमाशा बालक के प्रधान पाठक एसएन साहू, स्काउट मास्टर व्यास नारायण बंजारे, कांतिलाल दीवान, रवि शंकर पटेल, देवेंद्र कुमार साहनी, चिंताराम कुर्रे, आलोक द्विवेदी, द्रोण पटेल, कामेश्वरी साहू, जयमाला टांडे, कीर्ति दीवान, राधा चंद्राकर, प्रतिमा मेढ़े, लाडली यादव, स्काउट गाइड के बच्चे उमाशंकर, रोहित, चेतन, कैलाश, विजय, तुषार, देव साहू आदि उपस्थित रहे। अंत में आभार प्रदर्शन व्यास नारायण बंजारे ने किया।

# मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन में छत्तीसगढ़ बना पलायन गढ़ : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ पलायन के मामले में जिला महासमुंद व जांजगीर चांपा सबसे आगे



पूरे प्रदेश सहित जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन की गंभीर समस्या को लेकर पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी व विष्णु के सुशासन में छत्तीसगढ़ अब पलायन गढ़ बन कर रह गई है। उन्होंने कहा कि कोयला व लौह अयस्क जैसे खनिजों से भरपूर होने के बावजूद छत्तीसगढ़ की जनता को पलायन करने मजबूर होना पड़ रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण मनरेगा योजना व कांग्रेस शासन काल में बनी जनकल्याणकारी योजनाओं को दुर्भावना पूर्वक बंद करना भी है। चंद्राकर ने कहा कि पूरे प्रदेश में पलायन के मामले में महासमुंद जिला व जांजगीर-चांपा प्रसिद्ध है। यहां के मजदूरों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। आए दिन पलायन की सूचनाएं अखबारों के माध्यम से मिल रही है। गत दिनों भट्ठा दलालों द्वारा पिथौरा क्षेत्र के किसनपुर के युवक को घर से जबरदस्ती उठाकर ले जाने की सूचना मिली थी। उसके बाद मजदूर दलाल के आफिस में गरीब मजदूर की लाश फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली। यह सरकार नहीं चाहती की ग्रामीण मजदूरों को स्थानीय स्तर पर रोजगार मुहैया हो। आगामी समय में प्रदेश वासी भाजपा को इसका जवाब जरूर देगा।

### डकैती मामले के फरार तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** राजेंद्र नगर पुलिस ने पिछले दिनों स्पॉ सेंटर संचालक का अपहरण कर डकैती डालने के तीन फरार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल अन्य बदमाश अब तक फरार हैं। सन्नी मनवानी की शिकायत पर पुलिस ने धनराज चौधरी उर्फ हनी, गुरविंदर सिंह और नवजोत सिंह भामरा को गिरफ्तार किया है। बदमाश अपने अन्य 15 साथियों के साथ मिलकर सन्नी के स्पॉ सेंटर में धावा बोलकर गल्ले से 20 हजार रुपए तथा एटीएम से 50 हजार, कचना स्थित एक पेट्रोल पंप क्रेडिट कार्ड से 50 हजार रुपए डेबिट कराए थे।

**हरिभूमि माह अक्टूबर 2025 का मासिक बिल**

| दिन | दर | राशि |
| --- | --- | --- |
| 29 दिन | 5.00 | 145.00 |
| | कुल | 145.00 |

हरिभूमि के सुधि पाठक अक्टूबर 2025 का अखबार बिल अपने एजेंट के पास 06 तारीख तक जमा कर सहयोग करें।
व्यवस्थापक

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
हृदय रोग विभाग
(कार्डियोलॉजी/कार्डियक सर्जरी)
• एंजियोग्राफी
• एंजियोप्लास्टी
• पेसमेकर
• बायपास सर्जरी
• वाल्व रिप्लेसमेंट
डे केयर एंजियोग्राफी डिस्चार्ज मात्र 4 घंटे में
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र की सरायपाली
ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत लंबर, सिंघोड़ा, छुईपाली, बलौदा, केदुवां, नवागढ़, पालीडीह, तोरेसिंहा, तोषगांव, सिंघनपुर, सागरपाली तथा आसपास के खाली क्षेत्र में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि अभिकर्ता सरायपाली
सुरेश कुमार गुप्ता
बस स्टैण्ड के पास, भारत वॉच सरायपाली
मो.7354219999
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9098324969

Navkar Hospital & Research Centre
आपका स्वास्थ्य, हमारा लक्ष्य
नवकार हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर
हड्डी रोग संबंधित समस्याएं
आर्थराईटिस ईत्यादि
मासपेशी में दर्द
घुटने व कुल्हे का जोड़ प्रत्यारोपण
डिफमिटी करेक्शन
गठियावात, कुल्हा, कोहनी
आदि अंगो पर दर्द लम्बे समय से न जुड़ने वाली फेक्चर का ईलाज
डॉ. पवन शॉ
जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन एवं ऑर्थोस्कोपिक सर्जन
Emergency Contact no 9109953511
B 27-05, MLA रेस्ट हाउस के पास, रिंग रोड नंबर 1, टैगोर नगर, रायपुर
0771-3588295, 4054375

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
16 दिसंबर 2025
11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, एलोरा गुफा, भीमाशंकर, घृष्नेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 11 मई, 14 मई, 18 मई, 21 मई, 25 मई, 28 मई, 01 जून, 04 जून, 15 जून 2026
राशिः-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 30,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411